सत्यमेव जयते

भारतीय दूतावास
रियाद
***

अपडेट /परामर्शिका

1. सामान्य जानकारी

- ☐ वर्तमान स्थिति को देखते हुए, सऊदी अरब में रह रहे सभी भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे धैर्य रखें और सतर्क रहें । हवाई हमले की स्थिति में घरों के अंदर रहें तथा आधिकारिक माध्यमों से स्थानीय अधिकारियों द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें।
- ☐ भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे वर्तमान घटनाक्रम से संबंधित किसी भी वीडियो या समाचार को प्रसारित करने अथवा दोबारा साझा करने से बचें। यह सऊदी अरब के कानून का उल्लंघन होगा।
- ☐ रियाद स्थित भारतीय दूतावास और जेद्दा स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास सामान्य रूप से कार्य कर रहे हैं। VFS के माध्यम से पासपोर्ट और दस्तावेज़ सत्यापन (अटेस्टेशन) संबंधी आउटसोर्स सेवाएँ भी सामान्य रूप से जारी हैं।

2. 10 अक्टूबर 2026 को रियाद हवाई अड्डे पर हुए हमले के संबंध में अद्यतन जानकारी

- ☐ रियाद हवाई अड्डे पर हुए हमले में दुर्भाग्यवश अपनी जान गंवाने वाले स्वर्गीय श्री मोहम्मद यूसुफ अली का अंतिम संस्कार उनके परिवार की इच्छा के अनुसार 12 अक्टूबर 2026 को रियाद में संपन्न हुआ। राजदूत और दूतावास के अन्य अधिकारियों ने अंतिम संस्कार में भाग लिया।
- ☐ हमले में घायल भारतीय नागरिकों में, वर्तमान में 4 व्यक्ति गहन चिकित्सा इकाई (ICU) में हैं, 4 व्यक्ति सामान्य वार्ड में चिकित्सा उपचार प्राप्त कर रहे हैं, जबकि 3 व्यक्तियों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। दूतावास के अधिकारी उन अस्पतालों का लगातार दौरा कर रहे हैं जहाँ घायल भारतीय नागरिकों का उपचार चल रहा है। अधिकारी उनके परिवार के सदस्यों के निरंतर संपर्क में हैं और हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं।

3. उड़ानें / यात्रा

- ☐ नागरिक उड्डयन के सामान्य प्राधिकरण (GACA), सऊदी अरब, रियाद में स्थित किंग खालिद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर परिचालन निलंबित करने की घोषणा की है। दम्माम, जेद्दा और मदीना जैसे अन्य प्रमुख हवाई अड्डों पर उड़ान संचालन जारी है, लेकिन वहाँ कुछ व्यवधानों का सामना करना पड़ रहा है।
- ☐ उपलब्ध जानकारी के अनुसार, भारतीय विमानन कंपनियों ने सऊदी अरब के लिए अपनी उड़ान सेवाएँ 17 अक्टूबर तक निलंबित कर दी हैं ।
- ☐ सऊदिया एयरलाइंस: दम्माम, जेद्दा और मदीना से निर्धारित उड़ानें जारी हैं। फ्लाइनास (Flynas) दम्माम-लखनऊ मार्ग पर निर्धारित उड़ानों का संचालन कर रही है।
- ☐ भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे संबंधित एयरलाइंस के साथ नियमित संपर्क बनाए रखें और अपनी उड़ानों की नवीनतम स्थिति की पुष्टि करते रहें।

☐ आपातकालीन स्थिति में भारतीय नागरिक जो सऊदी अरब से प्रस्थान करना चाहते हैं वे पड़ोसी खाड़ी देशों, विशेष रूप से कतर और बहरीन के हवाई अड्डों से उपलब्ध उड़ानों का भी उपयोग कर सकते हैं। हालाँकि, यह ध्यान रखना आवश्यक है कि संबंधित देश के नियमों के अनुसार वहाँ का वीज़ा प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

4. <u>वीज़ा</u>

☐ संबंधित सऊदी अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, जो भारतीय नागरिक विज़िट / पर्यटक / उमरा / बिज़नेस वीज़ा पर सऊदी अरब आए हैं, लेकिन उड़ानें उपलब्ध न होने के कारण अपने वीज़ा की अवधि समाप्त होने के बाद भी यहाँ रुकने के लिए मजबूर हुए हैं, उन्हें बिना किसी जुर्माने का भुगतान किए देश छोड़ने की अनुमति दी जाएगी। हालाँकि, जिन व्यक्तियों के वीज़ा की अवधि समाप्त हो चुकी है, उनके लिए यह महत्वपूर्ण है कि उड़ानें उपलब्ध होते ही वे यथाशीघ्र सऊदी अरब छोड़ दें।

5. <u>दूतावास नियंत्रण कक्ष / हेल्पलाइन</u>

☐ वर्तमान स्थिति को देखते हुए, सऊदी अरब में भारतीय नागरिकों को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए दूतावास ने 24×7 संचालित नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है।

- **टेलीफोन**: +966-554412016; +966-542126784

  8002471234 (टोल-फ्री; केवल सऊदी अरब से की जाने वाली कॉल के लिए)
- **व्हाट्सऐप**: +966-536216082 (केवल संदेशों के लिए)
- **ईमेल**: cw.riyadh@mea.gov.in

☐ भारतीय समुदाय नवीनतम जानकारी के लिए दूतावास के निम्नलिखित आधिकारिक सोशल मीडिया चैनल्स को फॉलो कर सकते हैं। : **X:** @IndianEmbRiyadh ; **फेसबुक:** IndiainSaudiArabia; **इंस्टाग्राम:** indianembriyadh

दिनांक: 13 अक्टूबर 2026, 1700 बजे।

स्थान: रियाद